खण्ड-12 1193 / 01/08/16 संख्या-13

# एकादश

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग- 2

# कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित

मंगलवार, तिथि 14 जुलाई 1998 ई०

वर्ष 1984-85 में राज्य में खोले गये 450 प्रोजेक्ट कन्या एवं बालक उच्च विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन गत एक वर्ष से बंद है, यदि हां, तो इसका औचित्य क्या है, और उक्त शिक्षकों के बकाये बेतन का भुगतान कबतक, कराने का विचार रखती है ?

## शौचालय की व्यवस्था

१३३१. **श्री मृगेन्द्र प्रताप सिंह** - क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि बर्कस कॉलेज, जमशेदपुर का भवन अर्थाभाव एवं समुचित रख-रखाव के अभाव में जर्जर हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलेज में छात्राओं के लिए कॉमन कक्ष एवं शौचालय की व्यवस्था भी नहीं हैं, जिससे छात्राओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित कॉलेज के भवन की मरम्मति तथा छात्राओं के लिए कॉमन कक्ष एवं शौचालय की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो, क्यों ?

## प्रधानाध्यापक का स्थानान्तरण

१३३२. **श्री सुशील कुमार "पुष्पम"** - क्या मंत्री, मानव संसाधण्न विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजेन्द्र चौधरी, प्रधानाध्यापक के॰ जी॰ एकेडमी सिंधिया, जिला समस्तीपुर में विगत दस वर्षों से इसी विद्यालय में पदस्थापित है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त प्रधानाध्यापक को अन्यत्र स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?